पत्रांक–डी0डी0–2–विविध–288 / 12 ........ 5808 (ग) 345

# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

राकेश कुमार,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सारण / भागलपुर / मुंगेर / शेखपुरा / बेगूसराय / खगड़िया / सीवान / कटिहार / पूर्वी चम्पारण / गया / औरंगाबाद / रोहतास / सीतामढ़ी / पटना / बक्सर / सहरसा / मधेपुरा / सुपौल / अरवल / नवादा / मधुबनी / समस्तीपुर / दरभंगा
भवन निर्माण विभाग, पटना।

दिनांकः–19/7/23

विषयः– डाटा सेंटर–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन के निर्माण के संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का ज्ञापांक–5616 दिनांक–10.07.2023

महाशय,

डाटा सेंटर–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु दिनांक–23.06.2023 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक (बैठक की कार्यवाही संलग्न) में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा अपूर्ण डाटा सेंटर–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन की सूची उपलब्ध कराते हुए निदेश दिया गया है कि योजना का कार्य अबतक पूर्ण नहीं होने का कारण स्पष्ट करते हुए, दायित्व सहित सूचना उपलब्ध कराया जाय।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में निदेश है कि संलग्न सूची में अंकित अपूर्ण डाटा सेंटर–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन के संबंध में वांछित प्रतिवेदन ईमेल (se.directormonitoring.bcd@gmail.com) के माध्यम से निम्नांकित प्रपत्र में तीन दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

| क्र० सं० | भवन प्रमंडल का नाम | योजना का नाम | भौतिक प्रगति | योजना यदि पूर्ण नहीं है तो स्पष्ट कारण | योजना यदि पूर्ण है तो हस्तांतरण की स्थिति (हस्तांतरण प्रपत्र की छायाप्रति संलग्न करें) | यदि योजना अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है तथा कोई स्पष्ट कारण नहीं है, ऐसी स्थिति में उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन
19/7/23
(राकेश कुमार)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5808 (ग) दिनांक–19/7/23

प्रतिलिपिः–मुख्य अभियंता (दक्षिण / उत्तर / पटना), भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से समीक्षा कर अनुपालन हेतु प्रेषित।

19/7/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 5808 (ग) दिनांक–19/7/23

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/7/23
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

Kumar 17/07/2023

डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु दिनांक 23.06.2023 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों की उपस्थिति विवरणी :–

उपस्थिति : संधारित।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित भवन निर्माण विभाग के प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया तथा बैठक आयोजित करने के उद्देश्य से अवगत कराते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

1. भवन निर्माण कार्य शेष अंचलों में भवन निर्माण का टाइम लाईन।

बैठक में भवन निर्माण विभाग के उपस्थित पदाधिकारी से अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन निर्माण का कार्य की गति धीमी रहने तथा स्वीकृत प्राक्कलन के पुनरीक्षण की आवश्यकता पर जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। इस संदर्भ में इनके द्वारा स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराते हुए राज्य भरं के मात्र 200 अंचलों में भवन निर्माण से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन से अवगत कराया गया तथा राजस्व विभाग स्तर से भवन निर्माण विभाग को दिये गये प्रशासनिक स्वीकृति की प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। प्रशासनिक स्वीकृति संबंधि पत्र की प्रति Whatsapp के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया।

साथ ही भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी द्वारा कतिपय योजनाओं को ड्रॉप करने का भी अनुरोध किया गया। इस पर निदेशालय द्वारा इस योजना का कार्य अबतक पूर्ण नहीं होने का कारण स्पष्ट करते हुए, दायित्व सहित सूचना उपलबध कराने का अनुरोध किया गया। साथ ही निदेशालय द्वारा शेष सभी योजनाओं का कार्य शीघ्र पुर्ण कराने का अनुरोध किया गया।

2. भवन निर्माण कार्य पूर्ण अंचलों के हस्तांरण की वास्तविक स्थिति।

भवन निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कराये गये अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन के हस्तांरण की वास्तविक स्थिति के संबंध में पृच्छा करने पर प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराने का अश्वासन भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

बैठक में भवन निर्माण विभाग द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य के विरूद्ध Project Completion Certificate एवं Project Completion Report शीघ्र समर्पित करने का अनुरोध किया गया

3. निदेशालय के पत्रांक–2943 दिनांक 19.10.2022 के आलोक में इन भवनों के मरम्मति/अनुरक्षण संबंधी की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन।

बैठक में पूर्व से निर्मित अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन के अनुरक्षण एवं मरम्मत कार्य हेतु वित्त विभागीय मंतव्य/परामर्श के अनुपालन में

निदेशालय के पत्रांक– 2943 दिनांक 19.10.2022 के द्वारा इन भवनों को भवन निर्माण विभाग के प्लिंथ एरिया में शामिल किये जाने संबंधि किये गए अनुरोध के आलोक में अबतक कोई प्रगति प्रतिवेदन से अवगत नहीं कराया गया, साथ ही बैठक में उक्त पत्र के प्राप्त नहीं होने का भी जिक्र किया गया। भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारी के अनुरोध पर उक्त पत्र की प्रति मौके पर ही उपलब्ध करा दिया गया।

भवन निर्माण विभाग पदाधिकारी से अनुरोध किया गया कि इस पत्र के आलोक में कृत कार्रवाई से शीघ्र निदेशालय को अवगत कराया जाय। यदि कोई समस्या/कठिनाई हो तो भी इससे निदेशालय को अवगत कराया जाय

4. <u>राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के प्रशासनिक भवन के चारदिवारी को ऊँचा करने का कार्य</u>

निदेशालय द्वारा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के प्रशासनिक भवन के चारदिवारी को ऊँचा करने का अनुरोध निदेशालय के पत्रांक–1002 दिनांक 25.06.2023 द्वारा किया गया था जिसके आलोक में भवन निर्माण विभाग स्तर पर कृत कार्रवाई से अवगत नहीं कराया गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के छात्रावास भवन परिसर में दो मंजली इमारत निर्माण के संबंध में दिये गये पत्रांक 142 दिनांक 20.01.2022 के संबंध में भी कृत कार्रवाई से अवगत नहीं कराया गया है।

बैठक में राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना तथा बोधगया से संबंधित भवन निर्माण विभाग को निर्माण कार्य हेतु दिये गये सभी पत्रों का स्मार करने का अनुरोध किया गया तथा इसके प्रति निदेशक, अनुश्रवन भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को भी उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया। साथ ही भवन निर्माण विभाग से अनुरोध किया गया कि निदेशालय के विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यो/योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होने के लिए जिम्मेवार की पहचान कर कार्रवाई किया जाय। संयु० सचिव (Budget)

5. <u>भवन निर्माण हेतु समाहर्त्ता, गोपालगंज द्वारा मांगी गई राशि का उपावंटन</u>

बैठक में गोपालगंज जिला अन्तर्गत अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार भवन निर्माण कार्य हेतु उपावांटित करने संबंधि निदेशालय द्वारा किये गये अनुरोध के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने पर भवन निर्माण विभाग के उपस्थिति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निदेशालय द्वारा गोपालगंज जिला को राशि उपावांटित किये जाने संबंधी अनुरोध पत्र प्राप्त हो चुका है। भवन निर्माण विभाग स्तर पर कार्रवाई करते हुए शीघ्र ही राशि उपावंटित करा दिया जायेगा।

6. <u>अन्यान्य</u>

6.1 राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के छात्रावास भवन में Fire Fighting System अधिष्ठापित है। हाल ही में अप्रैल महीने में इस भवन से सटे झोपड़पट्टी में आग लग गई थी। मौके पर छात्रावास भवन में अधिष्ठापित Fire Fighting System का उपयोग करने का प्रयास किया गया, परंतु यह यंत्र कार्य नहीं किया। जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि भवन निर्माण विभाग द्वारा भवन निर्माण के साथ ही इस भवन में Fire Fighting System

...ापित कराया गया है परंतु अबतक इसका Demonstration अब तक नहीं कराया गया है ...सके कारण ज्ञात नहीं हो पा रहा कि यह यंत्र कार्यकारी है भी कि नहीं।

उक्त के संदर्भ में बैठक में भवन निर्माण विभाग के अधिकारी से अनुरोध किया गया कि राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के छात्रावास भवन में अधिष्ठापित Fire Fighting System का Demonstration शीघ्र कराया जाय तथा यदि यह कार्यरत नहीं है, तो इसे शीघ्र कार्यकारी बनाया जाय।

6.2 राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के चार मंजली छात्रावास भवन में Lift अधिष्ठापित करने का प्रावधान किया गया है, परंतु इसमें Lift अधिष्ठापन नहीं कराया गया है। इस प्रशिक्षण संस्थान में प्रायः प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें प्रशिक्षुगण आवासित होते है। साथ ही कतिपय प्रशिक्षक सेवानिवृत होने के बाद प्रशिक्षण देने का कार्य करते है, इन्हें सीढ़ी के माध्यम से दूसरे एवं तीसरे तल्ले में अवस्थित क्लास रूम तक जाने में कठिनाई होती है। इस कार्य हेतु पुर्व में कई बार अनुरोध भी किया गया है, परंतु Lift अधिष्ठापन की कार्रवाई नहीं कि गयी है।

बैठक में भवन निर्माण विभाग के अधिकारी से राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के चार मंजली छात्रावास भवन में शीघ्र Lift (8 person) अधिष्ठापित कराने का अनुरोध किया गया।

6.3 राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के प्रशासनिक भवन में सभा–कक्ष से सटे बॉथरूम के बीच बने छत/दिवाल में दरार/क्षतिग्रस्त है, जिसे ठीक करने का अनुरोध कई बार भवन निर्माण विभाग के पदाधिकारियों से किया गया है परंतु इसे अबतक ठीक नहीं कराया गया है। यह कार्य इस भवन के लिए अति अवाश्यक है अन्यथा कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकता है।

बैठक में भवन निर्माण इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराने का अनुरोध किया गया।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

E-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांक : 17– भवन निर्माण (समीक्षा)– 164/2016 (खण्ड–1) 5616 पटना, दिनांक : 10/07/2023

प्रतिलिपि : निदेशक, अनुश्रवण, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 17– भवन निर्माण (समीक्षा)– 164/2016 (खण्ड–1) 5616 पटना, दिनांक : 10/07/2023

प्रतिलिपि : विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप